## एक नजर में

### अनीता अब डॉक्टर मैडम



**राजगढ़ 06 मई, का.** करेड़ी गांव की अनीता मालवीय ने एमबीबीएस की डिग्री हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है. उन्होंने एलएन मेडिकल कॉलेज भोपाल से चिकित्सा शिक्षा पूरी की. डिग्री उन्हें राज्यपाल के हाथों प्रदान की गई, जो उनके लिए गौरवपूर्ण क्षण रहा. पिता हरिनारायण मालवीय की पुत्री अनीता ने कठिन परिस्थितियों में मेहनत कर यह सफलता हासिल की. उनकी उपलब्धि से गांव और क्षेत्र में खुशी का माहौल है. अनीता ने युवाओं को संदेश दिया कि स्पष्ट लक्ष्य और मेहनत से कोई भी मुकाम पाया जा सकता है।नगर परिषद के द्वारा व्यवस्था को सुचारू अंजाम नहीं

### 9 मई को आधार अपडेशन अभियान

**राजगढ़ 06 मई, का.** जिले के नागरिकों को आधार सेवाओं का लाभ सुगमता से उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 9 मई को विशेष अभियान आयोजित किया जाएगा. यह अभियान प्रातः 8 बजे से शाम 6 बजे तक जिले के विभिन्न उपडाकघरों एवं प्रधान डाकघर में संचालित होगा. इस विशेष अभियान के तहत नागरिक अपने आधार कार्ड में आवश्यक संशोधन जैसे नाम, पता, जन्मतिथि, मोबाइल नंबर एवं बायोमेट्रिक अपडेट आदि कार्य आसानी से करवा सकेंगे. यह सुविधा भारत सरकार द्वारा निर्धारित शुल्क पर उपलब्ध रहेगी. अभियान के सफल संचालन हेतु संबंधित डाकघरों में अतिरिक्त व्यवस्थाएं की गई हैं, जिससे अधिक से अधिक नागरिकों को त्वरित और सुगम सेवाएं मिल सकें. नागरिकों से अनुरोध किया गया है कि वे 7 एवं 8 मई 2026 को डाकघरों से टोकन प्राप्त कर लें, ताकि 9 मई को अपने कार्य समय पर पूर्ण करा सकें. यह विशेष अभियान राजगढ़ प्रधान डाकघर सहित ब्यावरा, नरसिंहगढ़, सारंगपुर, कुरावर, जीरापुर, खिलचीपुर एवं खुजनेर उपडाकघरों में आयोजित किया जाएगा.

### स्लॉट अवधि में ही लाएं गेहूं,अव्यवस्था से बचें

**राजगढ़ 06 मई, का.** जिला आपूर्ति अधिकारी द्वारा दी गई जानकारी अनुसार रबी विपणन वर्ष 2026-27 में पंजीकृत किसानों से गेहूं उपार्जन किया जा रहा है. वर्तमान में जिन किसानों को स्लॉट की अवधि प्राप्त हो चुकी है. वह किसान अपनी स्लॉट की अवधि में ही खरीदी केन्द्र पर फसल लेकर पहुँचे. स्लॉट अवधि प्राप्त होते ही किसान खरीदी केन्द्र पर पहुँच जाते है. इस कारण से वर्तमान समय में जारी स्लॉट अवधि के किसान लाईन में पीछे रह जाते है. जिससे किसान अपने स्लॉट अवधि में गेंहू विक्रय से वंचित हो जाता है और बिल बनने में असुविधा होती है. शासन द्वारा दी गई सुविधा में स्लॉट अवधि में ही अपने गेंहू से भरे ट्रेक्टर खरीदी केन्द्र पर ले जाए, ताकि समय पर सभी किसानों की फसल की तुलाई के साथ-साथ बिल नियमित जारी हो सके एवं तुलाई किए गए गेंहू की राशि तय समय पर प्राप्त हो सके. किसान अपने स्लॉट की अवधि बढ़ाये जाने का आवेदन संबंधित समिति को प्रस्तुत करें.

# सिर्फ अनदेखी से अटकी 5642 की छात्रवृत्ति

## समीक्षा बैठक में चौंकाने वाले आंकड़े सामने आए, जिपं सीईओ ने 15 दिनों का अल्टीमेटम थमाया

**जिले में छात्रवृत्ति के 5642 लंबित प्रकरणों पर सख्ती 15 दिन में शत-प्रतिशत निराकरण के निर्देश दिए**



नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 06 मई, का. जिले में सिर्फ अनदेखी के चलते 5642 विद्यार्थियों की छात्रवृत्ति अधर में लटकी हुई है. ये विद्यार्थी कक्षा 9 से 12वीं के है. आंकड़े चौंकाने वाले तब सामने आए जब जिला पंचायत में समीक्षा की गई. जिला पंचायत सीईओ डॉ. इच्छित गढ़पाले की अध्यक्षता में बुधवार को जिला पंचायत सभागार में अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों की छात्रवृत्ति से जुड़े लंबित प्रकरणों के निराकरण को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई.**

बैठक में वर्ष 2025-26 के लंबित आवेदनों, ओटीआर प्रगति, प्रोफाइल पंजीयन एवं स्वीकृत भुगतान की स्थिति का विस्तृत परीक्षण किया गया तथा संबंधित अधिकारियों और संकुल प्राचार्यों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए. बैठक के दौरान जिला संयोजक जनजातीय कार्य एवं अनुसूचित जाति कल्याण विभाग सुश्री निशा जैन द्वारा बताया गया कि छात्रवृत्ति प्राप्त करने के लिए पोर्टल पर प्रोफाइल पंजीयन अनिवार्य है, जिसके लिए आवश्यक दस्तावेजों की पूर्ति जरूरी है. साथ ही विद्यार्थियों के एनपीसीआई इनएक्टिव बैंक खातों को एक्टिव कराने, छात्रवृत्ति स्वीकृति एवं पीओ जनरेशन की प्रक्रिया की जानकारी भी दी गई.

### जन्म और जाति प्रमाणपत्रों में लापरवाही

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. गढ़पाले द्वारा आयोजित समीक्षा में जिले में कुल 5642 लंबित प्रोफाइल पंजीयन की जानकारी ली. जिसमें जाति प्रमाण पत्र एवं जन्म प्रमाण पत्र का समय पर न बन पाने पर जिला शिक्षा अधिकारी एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि विद्यार्थियों द्वारा प्रमाण पत्र हेतु कब और कहां आवेदन किया गया, इसकी जानकारी एकत्र कर शीघ्र कार्रवाई सुनिश्चित करें.

### विद्यार्थियों के बैंक खाते एनपीसीआई से लिंक नहीं किए

बैठक में विद्यार्थियों के बैंक खातों का एनपीसीआई से लिंक न होना भी छात्रवृत्ति भुगतान में बाधा बन रहा है, जिस पर लीड बैंक को आवश्यक निर्देश जारी करने की बात कही गई. समीक्षा के दौरान खिलचीपुर एवं सारंगपुर क्षेत्र के लोक सेवा केंद्रों में जाति प्रमाण पत्र के लंबित मामलों को गंभीरता से लेते हुए जिला लोक सेवा प्रबंधक को संबंधित केंद्रों का निरीक्षण कर त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए.

### जीरापुर में 184 प्रकरण अटके, नोटिस थमाया

कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय जीरापुर में 184 स्वीकृत आवेदनों के बावजूद किसी भी छात्राओं को छात्रवृत्ति राशि का भुगतान न होने पर संबंधित प्राचार्य को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के निर्देश भी दिए गए. बैठक में यह भी बताया गया कि जिला मुख्यालय पर कार्यालय प्रारंभ हो चुका है. जिससे आधार संबंधी सुधार कार्यों को गति मिलेगी. मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. गढ़पाले द्वारा निर्देश दिए गए कि यदि आधार में नाम, स्पेलिंग या जन्मतिथि सुधार के 50 से अधिक आवेदन प्राप्त होते हैं, तो विशेष कैम्प आयोजित कर उनका निराकरण किया जाए. बैठक के दौरान सभी संबंधित अधिकारियों एवं संकुल प्राचार्यों को निर्देशित किया गया कि लंबित प्रोफाइल, ओटीआर एवं भुगतान से जुड़े सभी प्रकरणों का 15 दिवस के भीतर शत-प्रतिशत निराकरण सुनिश्चित किया जाए. साथ ही आगामी समीक्षा बैठक में प्रगति का मूल्यांकन किया जाएगा.



# गौवंश वध में लिप्त आरोपी के घर चला बुलडोजर

## गौवंश वध मामले में प्रशासन की बड़ी कार्रवाई

नवभारत न्यूज

**सारंगपुर 06 मई, सं.** गोवंश वध मामले में प्रशासन ने बुधवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए वार्ड क्रमांक 11 स्थित आमीन जाकिर मुकरेवाड़ा क्षेत्र में मुख्य आरोपियों के मकानों पर बुलडोजर चलाकर जमींदोज कर दिया. जिनमें जाकिर पिता मोहम्मद हुसैन निवासी गाडरी वाडा चौक, आमीन पिता युनुस खान निवासी पटेल वाडी सारंगपुर तथा महबूब उर्फ लंगड़ा पिता मुंशी कुरैशी निवासी बड़ा कसाई वाडा सारंगपुर शामिल हैं. कार्रवाई के दौरान पूरे क्षेत्र में भारी पुलिस बल तैनात रहा और प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में लगभग तीन घंटे तक अभियान चला. प्रशासनिक अमला मौके पर पहुंच गया था. कार्रवाई के लिए दो जेसीबी मशीनों को लगाया गया, जिन्होंने आरोपियों के अवैध निर्माण को ध्वस्त किया. जैसे ही बुलडोजर कार्रवाई शुरू हुई, क्षेत्र में लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई. सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए तीन थानों का पुलिस बल तैनात किया गया था, ताकि किसी प्रकार की अप्रिय स्थिति निर्मित न हो.

साथ ही कार्रवाई के दौरान अनुविभागीय (राजस्व) अधिकारी सारंगपुर रोहित बम्होरे, एसडीओपी अरविंद सिंह, नगर पालिका सीएमओ दीपक रानवे, तहसीलदार आकाश शर्मा, पचोर थाना प्रभारी श्रीमती शंकुतला बामनिया, तलेन थाना प्रभारी धर्मवीर पल्लीया सहित पुलिस और नगर पालिका की संयुक्त टीम मौके पर मौजूद रही. अधिकारियों ने पूरे अभियान की मॉनिटरिंग की और सुरक्षा व्यवस्था पर लगातार नजर रखी. प्रशासन की इस कार्रवाई को गोवंश वध मामले में सख्त संदेश के रूप में देखा जा रहा है. मकानों को तोड़ने के दौरान आसपास के मार्गों को अस्थायी रूप से बंद किया गया तथा लोगों की आवाजाही नियंत्रित की गई. साथ ही प्राप्त जानकारी अनुसार आरोपियों के खिलाफ पहले से गंभीर प्रकरण दर्ज हैं और जांच के बाद नियमानुसार यह कार्रवाई की गई है.

# 8 दिनों से जला पड़ा ट्रांसफार्मर विभाग को सुध नहीं

## मगराना गांव में 8 दिनों से अंधेरा पसरा



नवभारत न्यूज

**पड़ाना 06 मई, सं. मगराना ग्राम की कॉलोनी में 8 दिनों से जला पड़ा 25 केवी ट्रांसफार्मर न बदलने से 26 घरों के सैकड़ों लोग बिजली संकट से जूझ रहे हैं. ओवरलोड के कारण ट्रांसफार्मर जलने के बाद से क्षेत्र में अंधेरा पसरा है और मच्छरों के प्रकोप के चलते बच्चे, बुजुर्ग और महिलाएं रात घर के बाहर गुजारने को मजबूर हैं.**

ग्रामीण सीताराम मालवीय ने बताया कि ट्रांसफार्मर खराब होने की सूचना वे मऊ विद्युत विभाग को तीन-चार बार दे चुके हैं. सुपरवाइजर को भी अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई. स्थानीय निवासी सीताराम मालवीय मांगीलाल, राम कला बाई, राम सिंह, अमर सिंह, रमेश चंद्र सहित अन्य ग्रामीणों का कहना है कि अधिक लोड पड़ने से ट्रांसफार्मर जल गया था. विभागीय अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे, जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. लगातार हो रही देरी से कॉलोनी के 100 से अधिक बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं का जनजीवन प्रभावित है. गर्मी और मच्छरों के कारण रातें काटना मुश्किल हो गया है. ग्रामीणों ने विभाग से जल्द ट्रांसफार्मर बदलवाकर आपूर्ति बहाल करने की मांग की है.

### रिचार्ज शाफ्ट निर्माण कार्य का शुभारंभ

**राजगढ़ 06 मई, का.** राजगढ़ जिले के विकासखंड सारंगपुर में अति दोहित क्षेत्र को जल संकट से उबारने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए रिचार्ज शाफ्ट जल संरचना निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया. यह कार्य कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन एवं मुख्यक कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. इच्छित गढ़पाले के निर्देशन में प्रारंभ किया गया. रिचार्ज शाफ्ट निर्माण हेतु उपयुक्त स्थल के चयन के लिए भूजल भौतिक रजिस्ट्रि सर्वे कराया गया. सर्वेक्षण के आधार पर ऐसे स्थान का चयन किया गया है, जहां फ्रैक्चर रॉक एवं एक्वीफर की उपलब्धता है, जिससे रिचार्ज शाफ्ट के माध्यम से सतही जल को गहरी जल शिराओं तक पहुंचाया जाएगा.

# जिला विपणन अधिकारी और लीड बैंक मैनेजर को नोटिस

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 06 मई, का. कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला उपार्जन समिति की बैठक आयोजित की गई. बैठक में कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने खरीदी केंद्रों से परिवहन एवं उठाव कार्यों में तेजी लाने के सख्त निर्देश देते हुए कहा कि सभी केंद्रों से समय पर उठाव सुनिश्चित किया जाए, जिससे उपार्जन कार्य सुचारू रूप से संचालित हो सके.**

बैठक में राजगढ़, नरसिंहगढ़ एवं ब्यावरा क्षेत्रों में परिवहन एवं उठाव की धीमी प्रगति पर चिंता जताते हुए कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने संबंधित अधिकारियों को आगामी दो दिवस के भीतर लंबित उठाव कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए. साथ ही डीएम नॉन को ट्रक चालानों की संख्या बढ़ाने के निर्देश भी दिए गए, ताकि परिवहन व्यवस्था में गति लाई जा सके.



कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने बैठक में अनुपस्थित रहने पर जिला विपणन अधिकारी एवं लीड बैंक मैनेजर को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए. उन्होंने सख्त निर्देश देते हुए कहा कि उपार्जन समिति का कोई भी सदस्य बिना पूर्व अनुमति मुख्यालय नहीं छोड़ेगा. उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि परिवहनकर्ताओं का भुगतान उपार्जन समिति के अनुमोदन के बिना न किया जाए, जिससे पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित हो सके. खरीदी केंद्र नाली मंडावर में अधिक स्टॉक के शीघ्र उठाव हेतु विशेष ध्यान देने के निर्देश भी दिए गए. उल्लेखनीय है कि आयोजित समीक्षा बैठक में भी कलेक्टर द्वारा परिवहन कार्यों में तेजी लाने एवं लंबित उठाव कार्यों को प्राथमिकता से पूर्ण करने के निर्देश दिए गए थे. कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने सभी संबंधित अधिकारियों को जिम्मेदारी एवं समन्वय के साथ कार्य करते हुए उपार्जन प्रक्रिया को समयबद्ध एवं सुव्यवस्थित रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए.

## क्षीर धारा योजना में खुरी गांव बनेगा दुग्ध उत्पादन का बड़ा केन्द्र



नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 06 मई, का.** विकासखंड ब्यावरा में क्षीर धारा ग्राम योजना अंतर्गत चयनित ग्राम खुरी में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. इच्छित गढ़पाले द्वारा संयुक्त अभिसरण समिति के विभागीय अमले, कृषि विभाग, पंचायत विभाग, पशुपालन विभाग, आत्म योजना अधिकारी सहित भ्रमण किया गया. जिसमें क्षीर धारा ग्राम योजना की जिला नोडल डॉ. सोनाली ठाकुर द्वारा ग्राम में आयोजित हुए पशुपालक जागरूकता शिविर, टीकाकरण बांझपन निवारण शिविर एवं आधारभूत सर्वेक्षण आदि गतिविधियों से अवगत कराया.

साथ ही मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. गढ़पाले द्वारा सरपंच और ग्रामवासियों के साथ दुग्ध उत्पादन को बढ़ाने, पशुओं में टैगिंग करवाने, सेक्स सॉर्टेड सीमेन का उपयोग करने पर विस्तृत चर्चा की गई. ग्राम में स्थित गोशाला में गोबर गैस प्लांट बनाने हेतु उन्होंने प्रोजेक्ट तैयार करने निर्देशित किया.



# अतिक्रमण की जद में नगर के आम रास्ते, चौराहे

## जीरापुर में आए दिन लग रहे जाम

नवभारत न्यूज

**जीरापुर 06 मई, सं. नगर परिषद की अनियमितता कहे या व्यवस्थाओं के सुचारू इंतजाम नहीं होने से ऐसा लगता है कि नगर को अव्यवस्थित अतिक्रमण से केसे निजात मिले इस गम्भीर विषय पर किसी भी तरह से चिंतन नहीं हो पाना या भविष्य को परेशानी से केसे मुक्ति मिले. बहरहाल नगर में अतिक्रमण का कोई नियत दायरा नहीं है.**

जिसमें नगर के मुख्य मार्ग या चौराहा पर इस परेशानी से हमेशा दो चार होने जैसी परिस्थिति बनीं रहतीं हैं. नगर के इंदर चौराहा, माचलपुर नाका , खिलचीपुर नाका , अटल चौक, जवाहर चौक , कन्या शाला के सामने ,आवास ,हटीले हनुमान मंदिर आवास इत्यादि जगहों पर अतिक्रमण के कारण आम राहगीरों को मुसीबत का सामना करना पड़ता है, अनेकों बार स्थिति ऐसी बन जाती है कि आवागमन अवरूद्ध होकर जाम लग जाता है.

नगर के मुख्य मार्ग तहसील कार्यालय के बाहर हांकर जोन में फल सब्जी के ठेले लगते हैं लेकिन वाहन पार्किंग स्थल नहीं होने से आवागमन बाधित होता है. जबकि नगर की सोसायटी के सामने हाल ही में अवैध अतिक्रमण हटाया गया उक्त लम्बा चौड़ा परिसर अतिक्रमण से मुक्त हुआ.

नगर परिषद चाहें तो उक्त स्थान पर फल सब्जी विक्रेताओं को व्यवस्थित रूप से एक सब्जी विक्रेता को एक हाथ ठेले लगाने की व्यवस्था करें तो नगर की अव्यवस्था से निजात के साथ दुकानदारों को जगह-जगह अलग-अलग स्थान की जगह एक साथ दुकानें लगा कर अपना व्यवसाय करने हेतु उचित मुकाम मिल जावेगा. नगर में विचरण कर रहे वारिस होते हुए लावारिस घूम रहे जानवर को खराब फल सब्जी जो अनेक बार इन मार्ग पर पड़े रहते हैं उनको खाने को नहीं मिलेंगे तो वह भी आपस में भिड़ते नजर नहीं आयेंगे.

**अनदेखी** — कुंडलिया डैम की टंकी से 1 साल में एक बूंद पानी नहीं मिला, प्यासे तरस रहे ग्रामीण

# तीन गांव, 4500 आबादी और सिर्फ 7 हैंडपंप के भरोसे



नवभारत न्यूज

**पड़ाना 06 मई, सं. साधनखेड़ी, रामपुरिया और मगराना सहित तीन गांव, कुल आबादी करीब 4500 गर्मी चरम पर है. लेकिन इन गांवों की जिंदगी अब भी सिर्फ 7 हैंडपंपों पर टिकी है. कुंडलिया डैम परियोजना के तहत एक साल पहले साधनखेड़ी रेशम केंद्र के पास 2 लाख 60 हजार लीटर क्षमता की पानी की टंकी बनाई गई. तीनों गांवों में आधा अधूरा नल कनेक्शन भी कर दिए गए. ऐसे में ग्रामीणों का कहना है कि जब टांका निर्माण हो गया जहां नल कनेक्शन कर दिए गए वहां पानी की सुविधा उपलब्ध की जाए. लेकिन हकीकत यह है कि अब तक टंकी से एक बूंद पानी भी ग्रामीणों के नलों तक नहीं पहुंचा.**

### बच्चे, बूढ़े सभी जलपरिवहन में लगे

पानी के लिए अब ग्रामीण रोजाना एक किलोमीटर दूर से कंधे पर कुप्पी रखकर जुगाड़ करते हैं. 30 किलो वजन का बच्चा भी 60 लीटर पानी ढोने को मजबूर है. बुजुर्ग, महिलाएं और बच्चे सभी गर्मी में पानी की एक-एक बूंद के लिए संघर्ष कर रहे हैं. स्थानीय लोगों का सवाल है कि करोड़ों की परियोजना के बाद भी जब नल सूखे हैं, तो योजना का फायदा किसे मिला टंकी बनने के एक साल बाद भी जलापूर्ति शुरू न होना प्रशासनिक उदासीनता और ठेकेदार की लापरवाही को उजागर करता है.

ग्रामीणों का कहना है कि एलएनटी कंपनी द्वारा कई जगह पाइपलाइन और नल कनेक्शन का काम अधूरा छोड़ दिया गया. कहीं लाइन बिछी ही नहीं, कहीं जोड़ ही नहीं हुए. नतीजा, सरकारी योजना कागज और टंकी तक ही सीमित रह गई. गर्मी बढ़ने के साथ पेयजल संकट और गहरा रहा है.

ग्रामीणों ने मांग की है कि अधूरी पाइपलाइन का काम तुरंत पूरा कर टंकी से जलापूर्ति शुरू की जाए, ताकि हैंडपंपों के भरोसे जीने की मजबूरी खत्म हो. क्या प्रशासन इस बार गर्मी बीतने से पहले तीनों गांवों को शुद्ध जल मुहैया कर पाएगा, यह सवाल अब भी अनुत्तरित है.